श्रीमान संपादक महोदय,

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक: 19.03.2023

मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की वुमेन इन्टरप्रेन्योर कमेटी द्वारा राइज अप 2023 बिजनेस वुमेन एक्सपो के अन्तर्गत कानपुर की महिला उद्यमियों के उत्पाद एवं सेवाओं की भव्य प्रदर्शनी का समापन समारोह आज दिनांक 19.03.2023 को सायंकाल 06:00 बजे मुख्य अतिथि माननीय श्री विशाख जी अय्यर, आई.ए.एस. जिलाधिकारी, कानपुर नगर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रतिभागी 75 महिला उद्यमियों के स्टाल का मुआयना कर उनको प्रोत्साहित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान श्री विशाख जी अय्यर एवं मर्चेन्ट चैम्बर के अध्यक्ष- श्री अतुल कानोडिया, राइज अप 2023 बिजनेस वुमेन एक्सपो के 5 सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को पुरूस्कृत किया गया, जिसमें संजीवनी शर्मा को प्रथम, हिमांशी कुशवाहा को द्वितीय, स्वस्ती जैन को तृतीय, मनी एन. अग्रवाल को चतुर्थ तथा स्वाती गुप्ता को पांचवा पुरूस्कार दिया गया। इनके अलावा फूड स्टाल में कंगना मिधा को प्रथम, विधि भार्गव को द्वितीय तथा श्रुति खण्डेलवाल को तृतीय पुरूस्कार दिया गया। इनके अतिरिक्त आसिमा खेतान, देविका मुखर्जी, स्वाती गुप्ता को सांत्वना पुरूस्कार दिया गया। इनके अलावा सभी महिला प्रतिभागियों को पार्टिशिपेशन सर्टिफिकेट दिया गया।

इस अवसर पर मर्चेन्ट्स चैम्बर के अध्यक्ष- श्री अतुल कानोडिया ने बताया कि इस प्रदर्शिनी का उद्देश्य कानपुर नगर की महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना है तथा उनके द्वारा बनाई गई वस्तुओं और सेवाओं के प्रति मार्केट अवेयरनेस लाना है। उन्होनें वुमेन इन्टरप्रेन्योर कमेटी की एडवाइजर- डॉ आरती गुप्ता, चेयरपर्सन- मानसी लोहिया, वाइस चेयरपर्सन-साक्षी भरतिया, राइज अप 2023 की इवेन्ट चेयर- प्रिया रहेजा एवं वुमेन इन्टरप्रेन्योर कमेटी की सदस्य- श्रीमती सीमा लाहोटी को धन्यवाद दिया जिनके अथक प्रयास एवं सराहनीय योगदान से राइज अप 2023 बिजनेस वुमेन एक्सपो 75 महिला उद्यमियों ने अपने उत्पादों, वस्तुओं और सेवाओं के स्टाल लगाये, जिसके लिये उनको धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर सर्वश्री सुधीन्द्र जैन, अनिल अग्रवाल, राज कुमार लोहिया, राजीव किशोर भरतिया, डॉ. इन्द्र मोहन रोहतगी, टीकम चन्द्र सेठिया, डॉ. जय प्रकाश, अजय लोहिया, प्रेम मनोहर गुप्ता, मुकुल टण्डन, श्याम मेहरोत्रा, मनु अग्रवाल, राघव कानोडिया, कमल रहेजा, आशीष सिंह चौहान, सुशील शर्मा, कमल रहेजा, स्वतंत्र सिंह, चिन्मय पाठक, श्रीमती मधु कानोडिया, श्रीमती पूजा गुप्ता, श्रीमती ऋचा अग्रवाल, श्रीमती रजनी झावर, श्रीमती कनिका खन्ना, एवं चैम्बर के सचिव- महेन्द्र नाथ मोदी के अतिरिक्त बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य उद्योगपति, व्यवसायी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।